आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–07 अप्रैल 2026 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज हुयी प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक में बाइस प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। एक रिपोर्ट–

बैठक के बाद बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह ने बताया कि शिक्षामित्रों और अंशकालिक अनुदेशकों का मानदेय आठ–आठ हजार रूपये प्रतिमाह बढ़ाया गया है। अब शिक्षामित्रों का अट्ठारह हजार और अनुदेशकों को सत्रह हजार रूपये मिलेंगे। यह बढ़ोत्तरी एक अप्रैल से ही लागू हो गयी। कैबिनेट ने गोरखपुर में उत्तर प्रदेश वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय की स्थापना को भी मंजूरी दे दी। चार सौ इक्यानबे करोड़ रूपये से अधिक की लागत से यह विश्वविद्यालय कैम्पियरगंज क्षेत्र में लगभग पचास हेक्टेयर भूमि पर स्थापित किया जायेगा। कैबिनेट ने पीपीपी मोड पर प्रदेश में उन्चास बस स्टेशनों के डीबीएफओटी मॉडल के तहत विकास को स्वीकृति दे दी है। इससे लोगों को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ सुरक्षित, स्मार्ट और सुगम यात्रा की सुविधा मिलेगी। कैबिनेट ने पच्चीस लाख स्मार्ट टैबलेट खरीदने को भी मंजूरी दे दी है। समाज कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरूण ने बताया कि डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर मूर्ति विकास योजना के तहत राज्य के सभी चार सौ तीन विधानसभा क्षेत्रों में दस–दस आम्बेडकर स्थलों का विकास और सौन्दर्यीकरण कराया जायेगा। कैबिनेट ने इस प्रस्ताव को आज मंजूरी दे दी है। इसके तहत चार सौ तीन करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। कैबिनेट बैठक में बलिया जिले में बहुप्रतिक्षित स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना को भी मंजूरी मिली है। यह मेडिकल कॉलेज महर्षि भृगु के नाम पर स्थापित होगा। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज मथुरा, वृन्दावन के दौरे पर पहुंचे। वह जगद्गुरु संत मलूकदास की चार सौ बावनवीं जयंती महोत्सव में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने संतों की परंपरा को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संत–महात्मा और श्रद्धालु मौजूद रहे।

****

केन्द्र सरकार ने राज्यों में प्रवासी मजदूरों को वितरित किए जाने वाले पांच किलोग्राम के मुक्त व्यापार एलपीजी सिलेंडरों के दैनिक आवंटन को दोगुना करने का निर्णय लिया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव डॉ. नीरज मित्तल ने इस संबंध में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि ये पांच किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर राज्य सरकारों और उनके खाद्य तथा नागरिक आपूर्ति विभागों को केवल अपने राज्य में प्रवासी मजदूरों को तेल विपणन कंपनियों के सहयोग से आपूर्ति करने के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे।

****

आज विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जा रहा है। संपूर्ण विश्व में स्वास्थ्य संबंधी अच्छी आदतों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर आज गोरखपुर के ब्रह्मपुर ब्लॉक के बरही गांव से केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने आयुष्मान आरोग्य शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने बरही सीएचसी के पचास बेड अस्पताल में नयी स्वास्थ्य सेवाओं की शुरुआत भी की। केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री पासवान ने इस मौके पर अपने सम्बोधन में बालिकाओं में बढ़ती एनीमिया की समस्या पर चिंता जतायी। उन्होंने बालिकाओं के स्वास्थ्य पर विशेष जोर देने की अपील की।

हम लोगों का एक सर्वे हो रहा है हम लोगों के मंत्रालय में पूरी बात हो रही थी सबसे ज्यादा हमे जो दिक्कत आ रही है जो हमारी बच्चियों मे खून की कमी हो रही है एनीमिक हो रही है। पूरा देश इसपे परेशान हो रहा है पूरे विश्व के लोग इसपे सेमिनार कर रहे है। हमे उनको बताना होगा कि उन्हें क्या खाना है।

केन्द्रीय राज्य मंत्री ने टीबी उपचाराधीन मरीजों को पोषण पोटली दी और विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को किट भी प्रदान किए।

****

आज सिख पंथ के नौवें गुरु, हिन्द दी चादर गुरु श्री तेग बहादुर जी महाराज का प्रकाश पर्व मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा है कि गुरु श्री तेग बहादुर जी महाराज का जीवन हमे सिखाता है कि सत्य, धर्म व मानवता की रक्षा के लिए हर परिस्थिति में अडिग रहना ही सच्ची साधना है।

****

वाराणसी के संकट मोचन मंदिर परिसर में आयोजित एक सौ तीनवें संकट मोचन संगीत समारोह के पहले दिन कल रात कलाकारों ने अपनी कला के माध्यम से हनुमत महाप्रभु की आराधना की। कार्यक्रम में संतूर पर पंडित राहुल शर्मा, तबला पर पंडित राम कुमार मिश्रा, कथक में विद्या लाल, बांसुरी पर एस. आकाशा तथा गायन में पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। यह संगीत समारोह ग्यारह अप्रैल तक प्रतिदिन शाम साढ़े सात बजे से आयोजित किया जाएगा, जिसमें देश–विदेश के ख्यातिप्राप्त कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

****

मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में आज कुछ स्थानों पर, जबकि कल अनेक स्थानों पर बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जतायी है। विभाग के अनुसार इस अंचल में आज कहीं कहीं बिजली गिरने और तेज झोंकेदार हवाएं चलने की भी आशंका है।

****